# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 24.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

रांची समेत राज्य के कई जिलों में दो दिन से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। भारी बारिश के कारण अलग अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई है। नदियां उफान पर हैं और डैमों के फाटक खोल दिये गये हैं। लगातार हो रही बारिश से पतरातू डैम का जलस्तर भी बढ़ गया है और सभी छह फाटक खोल दिये गये हैं। रांची के कई मोहल्लों में जलजमाव की स्थिति है। नामकुम से चुटिया जानेवाले रास्ते में स्वर्णरेखा नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। सिमडेगा जिले में पिछले तीन दिनों से रुक–रुककर हो रही बारिश के कारण शंख और पालामाड़ा जैसी नदियां उफान पर हैं। उधर लातेहार जिले में औरंगा समेत अन्य नदियां उफान पर हैं।

***************

इधर हजारीबाग में भी लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है और सड़कों पर डेढ़ फीट तक पानी बह रहा है। भारी बारिश से बिजली व्यवस्था बाधित हो गई है और कोडरमा के तिलैया डैम के पांच फाटक खोल दिए गए हैं।
जिला प्रशासन ने सभी विभागों को अलर्ट रहने, आपसी समन्वय बनाए रखने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***************

रांची और आसपास के क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश से जोन्हा, हुंडरू, दशम, सीता और रिमिक्स फॉल समेत कई जलप्रपात उफान पर हैं। जिला प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे जलप्रपातों के आसपास न जाएं, क्योंकि तेज जलधारा और फिसलन भरी चट्टानें गंभीर खतरा पैदा कर रही हैं।
प्रशासन ने लोगों को स्थानीय पुलिस और अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने और मौसम और समाचार अपडेट पर नजर रखने की सलाह दी है।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की शाश्वत शिक्षाएँ जीवन को आलोकित करती हैं तथा हमें करुणा, विनम्रता और सेवा के मूल्यों का विनम्र स्मरण कराती हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रज्ञा मार्ग पर चलने की अपील की है ताकि यह दुनिया एक बेहतर स्थान बन सके।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चम्पाई सोरेन को आज मोराबादी स्थित आवास में हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। उन्होंने राजधानी रांची के कांके स्थित नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स–2 की जमीन पर आज हल चलाने की घोषणा की थी। इधर जिला प्रशासन ने नगड़ी इलाके में निषेधाज्ञा लगा दी है। इलाके में बैरकेडिंग कर जवानों की तैनाती कर दी गई है और वाहनों के आवागमन पर भी रोक लगा दी गई है।

***************

पाकुड़ जिले से यक्ष्मा रोग को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए समाजसेवियों, व्यवसायियों और स्वास्थ विभाग पूरी तैयारी कर रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

दुमका पुलिस ने चोरकट्टा गांव में वृद्ध दंपति की हत्या का खुलासा कर मृतक के छोटे दामाद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले का रहने वाला है और उसके पास से मृतक के गहने और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। एसपी पीतांबर सिंह खरवार ने बताया कि एसआईटी ने साक्ष्यों के आधार पर मामले का उद्भेदन किया है।

***************

हजारीबाग के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण पूरा करने वाले गृह रक्षकों के लिए पारण परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सभी 218 होमगार्ड के जवानों को देश सेवा की शपथ दिलाई।

*************